**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 437**

**04 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**प्रधानमंत्री मित्र पार्कों की स्थापना के लिए सहायता**

**437. श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे:**
**श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:**
**श्री ज्ञानेश्वर पाटील:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या महाराष्ट्र के संभाजीनगर, दादरा और नगर हवेली तथा मध्य प्रदेश राज्य के प्रस्तावित पार्कों में इकाइयां स्थापित करने के लिए वस्त्र उत्पादकों को प्रधानमंत्री मित्र योजना के अंतर्गत कोई विशेष प्रोत्साहन या सहायता तंत्र उपलब्ध कराया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने महाराष्ट्र के संभाजीनगर, दादरा और नगर हवेली तथा मध्य प्रदेश राज्य में प्रधानमंत्री मित्र पार्कों के विकास के लिए कोई निधि अथवा अनुदान आवंटित किया है; और

(घ) उक्त निधियों/अनुदानों को कब तक जारी किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**वस्त्र राज्य मंत्री**

**(श्री पबित्र मार्घेरिटा)**

**(क) से (घ):** सरकार ने वस्त्र उद्योग की संपूर्ण मूल्य-श्रृंखला के लिए एकीकृत बड़े पैमाने वाली और आधुनिक औद्योगिक अवसंरचना सुविधा विकसित करने के लिए, वर्ष 2021-22 से वर्ष 2027-28 तक की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रुपये के योजना परिव्यय से ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों में 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) पार्क स्थापित करने को मंजूरी दी है। सरकार ने पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए 7 साइटों अर्थात तमिलनाडु (विरुद्धनगर), तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), मध्य प्रदेश (धार), उत्तर प्रदेश (लखनऊ) और महाराष्ट्र (अमरावती) को अंतिम रूप दिया है।

इस योजना में योजना दिशानिर्देशों के अध्यधीन ग्रीनफील्ड पार्क के लिए 500 करोड़ रुपये और ब्राउनफील्ड पार्क के लिए 200 करोड़ रुपये तक कुल परियोजना लागत की 30% विकास पूंजीगत सहायता (डीसीएस) की परिकल्पना की गई है। इस योजना में प्रति पार्क 300 करोड़ रुपये तक की प्रतिस्पर्धा प्रोत्साहन सहायता (सीआईएस) की भी परिकल्पना की गई है, जो पार्क में जल्दी से जल्दी विनिर्माण इकाइयों को स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन के रूप में है। यह प्रोत्साहन विस्तृत योजना दिशा-निर्देशों में उल्लिखित शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन है।

****